पत्रांक– 11 न0वि0 अभि0(को0) 10/2018 1389 न0वि0 एवं आ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

अधीक्षण अभियंता,
बिहार शहरी विकास अभिकरण,
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार, पटना।

सेवा में,

नगर आयुक्त,
नगर निगम, पूर्णियाँ।

कार्यपालक अभियंता,
जिला शहरी विकास अभिकरण,
पूर्णियाँ।

पटना, दिनांक–01/11/18

विषय:– ई–टेंडरिंग पद्धति द्वारा नगर निगम, पूर्णियाँ अन्तर्गत निविदा आमंत्रण सूचना सं0–07/2017–18 के ग्रुप सं0–50 के कार्य वार्ड सं0–40 में मो0 गौहर से मो0 अब्दुल के दुकान तक और इंडस्ट्री गेट से हॉसदा गुमटी भाया शेर खान मस्जिद तक पक्कीकरण एवं कल्भर्ट निर्माण कार्य के लॉट्री के संबंध में।

प्रसंग:– नगर आयुक्त, नगर निगम, पूर्णियाँ का पत्रांक–436 दिनांक–23.05.2018 एवं इस कार्यालय के पत्रांक–752 दिनांक–18.06.2018 एवं पत्रांक–754 दिनांक–19.06.2018

महाशय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में प्राप्त परिवाद की समीक्षा मुख्य अभियंता के स्तर पर गठित परिवाद समिति द्वारा दिनांक–28.09.2018 को आहूत बैठक में की गयी।

उपरोक्त के आलोक में निविदाकारों के निविदा कागजातों की पुर्नमूल्यांकन किया गया तथा समीक्षोपरान्त परिवादी/आपत्तिकर्त्ता (1) श्री संजय कुमार पाण्डेय, (2) श्री अशोक कुमार सिंह, (3) वसीम कन्सट्रक्शन के निविदा कागजात एवं (4) श्री ऋषिकेश कुमार के तथ्यों को निविदा आमंत्रण सूचना के शर्त्तों के अनुरूप नहीं पाये जाने के आलोक में उक्त परिवाद/आपत्ति को अमान्य करने की अनुशंसा की गयी, जिस पर विभागीय अनुमोदन प्राप्त है।

उक्त के आलोक में मान्य/अमान्य निविदाकारों की सूची निम्नवत् है:–

ग्रुप सं0	कार्य का नाम	मान्य निविदाकार (निविदा आमंत्रण सूचना के शर्तो को पालन करने के कारण।	अमान्य निविदाकार (निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिकाओ का अनुपालन नहीं करने के कारण)
50.	नगर निगम, पूर्णियाँ अन्तर्गत वार्ड सं0–वार्ड सं0–40 में मो0 गौहर से मो0 अब्दुल के दुकान तक और इंडस्ट्री गेट से हॉसदा गुमटी भाया शेर खान मस्जिद तक पक्कीकरण एवं कल्भर्ट निर्माण कार्य।	**(1) मे0 सिद्धि विनायक इन्टरप्राईजेज** **उद्धृत दर:–** B.O.Q से 10% कम दर पर	**(1) श्री विजय कुमार झा** **उद्धृत दर:–** B.O.Q से 10% कम दर पर कंडिका 18–4(ड़) का अनुपालन नहीं करने के कारण। (नोजल भाइब्रेटर का प्रमाणक संलग्न नहीं रहने के कारण) **(2) स्वाति राय** **उद्धृत दर:–** B.O.Q से 10% कम दर पर कंडिका 18–4(च) का अनुपालन नहीं करने के कारण। (बिट्टुमिनस कार्य से संबंधित वांछित यंत्र–संयत्र का प्रमाणक संलग्न नहीं रहने के कारण) **(3) सन्नी विशाल** **उद्धृत दर:–** B.O.Q से 10% कम दर पर कंडिका 18–4(ड़) का अनुपालन नहीं करने के कारण।

			(नोजल भाइब्रेटर का प्रमाणक संलग्न नहीं रहने के कारण) **(4) वसीम कन्सट्रक्शन** **उद्धृत दरः–** B.O.Q से 10% कम दर पर कंडिका 18–4(च) का अनुपालन नहीं करने के कारण। (बिट्टुमिनस कार्य से संबंधित वांछित यंत्र–संयत्र का प्रमाणक संलग्न नहीं रहने के कारण) **(5) ईशा मोहम्मद अंसारी** **उद्धृत दरः–** B.O.Q से 10% कम दर पर कंडिका 18–4(च) का अनुपालन नहीं करने के कारण। (बिट्टुमिनस कार्य से संबंधित वांछित यंत्र–संयत्र का प्रमाणक संलग्न नहीं रहने के कारण) **(6) श्री कुंदन कुमार सिह** **उद्धृत दरः–** B.O.Q से 10% कम दर पर कंडिका 18–4(च) का अनुपालन नहीं करने के कारण। (बिट्टुमिनस कार्य से संबंधित वांछित यंत्र–संयत्र का प्रमाणक संलग्न नहीं रहने के कारण) **(7) श्री संजय कुमार पाण्डेय** **उद्धृत दरः–** B.O.Q से 10% कम दर पर कंडिका 18–4(च) का अनुपालन नहीं करने के कारण। (बिट्टुमिनस कार्य से संबंधित वांछित यंत्र–संयत्र का प्रमाणक संलग्न नहीं रहने के कारण) **(8) श्री अशोक कुमार सिंह** **उद्धृत दरः–** B.O.Q से 10% कम दर पर कंडिका 18–4(ड़) का अनुपालन नहीं करने के कारण। (नोजल भाइब्रेटर का प्रमाणक संलग्न नहीं रहने के कारण)

उक्त नौ निविदाकारो में से एकमात्र निविदाकार की निविदा मान्य रहने एवं प्रथमबार निविदा आमंत्रित रहने के कारण पथ निर्माण विभाग के अधिसूचना सं0–3162(S) दिनांक–09.05.2016 के आलोक में निविदा रद्द किया जाता है एवं पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश दिया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, डुडा, पूर्णियां द्वारा अनुमोदित परिमाण विपत्र में 1 मद L/S (एक मुश्त राशि) के रूप में दर अंकित कर दिया गया है। अतः पुनर्निविदा आमंत्रण के समय अनुमोदित परिमाण विपत्र से L/S मद की राशि हटाकर परिमाण विपत्र अपलोड किया जाय।

विषयांकित योजना हेतु इस कार्यालय द्वारा निर्गत पत्रांक–752 दिनांक–18.06.2018 को इस हद तक संशोधित किया जाता है।

विश्वासभाजन

1/11/18

अधीक्षण अभियंता,
बिहार शहरी विकास अभिकरण,
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार, पटना।